# अपराध नियंत्रण से साल 2023 की तुलना में 2024 में अपराधों में आई कमी

- गंभीर मामलों में पुलिस का प्रभावी संचालन, चर्चित अपराधों में आरोपियों को रिकार्ड समय में दबोचा
- "ऑपरेशन मुस्कान" से दिखा सकारात्मक प्रभाव, 93% गुम नाबालिगों को सुरक्षित लौटाया गया
- अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई रही जारी
- साइबर अपराध में सफलता, 66.43 लाख रूपये होल्ड कराया गया
- सड़क सुरक्षा अभियान में वृद्धि, लाखों का जुर्माना और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय
- सामाजिक जिम्मेदारी में पुलिस की भागीदारी, वृक्षारोपण, हेलमेट वितरण, और युवाओं के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण




**रायगढ़**

जिला पुलिस की प्राथमिकता अपराधों पर लगाम लगाने के साथ-साथ जिले में शांति व्यवस्था को बनाये रखना है। एक ओर जिले की बढ़ती आबादी और उद्योगों व वाहनों की संख्या में इजाफा होने से अपराध का बढ़ना लाजमी है जिस पर नियंत्रण रखने में #रायगढ़ पुलिस पूरी तरह से सफल रही है। इसे वर्ष 2024 के क्राईम आकड़ों से समझे ,जहां वर्ष 2024 में जिले के विभिन्न थानों में कुल 5430 अपराध दर्ज किए गए जिसमें 5020 प्रकरणों का निकल हो चुका है, केवल 410 मामले जांच में लंबित है। इस प्रकार अपराध निकाल 92.44% रहा है। गंभीर मामले (हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, मानववध, ) 123 दर्ज हुए जिसमें मात्र 20 प्रकरण ही विवेचना में हैं। वर्ष 2023 में 6570 अपराध दर्ज किया गया था, देखा जाये तो अपराधों में कमी आयी है।

**अपराध और उनका निराकरण-**

वर्ष 2024 में हत्या के अपराध में कमी आयी है, वर्ष 2023 में 65 मामले दर्ज थे जो घटकर 57 है, हत्या का प्रयास गत वर्ष 44 था, इस वर्ष 27 दर्ज हुआ। मारपीट के मामले सामान्य रहे, वर्ष 2023 में 1206 और वर्ष 2024 में 1235 रिपोर्ट आयी। संपत्ति संबंधी अपराध- चोरी और नकबजनी में भी कमी देखने को मिली, चोरी पिछले वर्ष 2023 में 498 और 2024 में 427, नकबजनी-2023 में 152 और 2024 में 148 है। वर्ष 2024 में संपत्ति संबंधी अपराध में पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से रु.1.48 करोड़ रूपये की संपत्ति बरामदगी की।

वर्ष में चर्चित रहे जूटमिल में साहूकार के ब्लाइंड मर्डर के अज्ञात आरोपी को घटना के तत्काल बाद पुलिस टीम एक्टिव होकर 48 घंटे के भीतर गिरफ्तारी की गई, रेड क्वीन होटल में दुल्हन के गहनों की चोरी में शामिल मध्य प्रदेश के "साशी कडिया गैंग" के 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, मकानों में सेंधमारी को अंजाम देने वाले "पत्थर गैंग" के 08 आरोपियों की अलीगढ़, राजपुर (मध्य प्रदेश) से गिरफ्तारी और आरोपियों से करीब डेढ किलो चांदी बरामदगी की गई। धरमजयगढ़ क्षेत्र में ट्रक ड्रायवर और खलासी को बंधक बनाकर ट्रक समेत 30 टन छड़ की लूट करने वाले दो आरोपियों की रिकार्ड समय में गिरफ्तार और पूरे 18.53 लाख रूपये की रिकवरी किया गया। धरमजयगढ़-घरघोड़ा क्षेत्र में रेल्वे लाइन से कॉपर कैटनरी वायर चोरी करने वाले गिरोह में शामिल 04 चोर और चोरी के सामानों की खरीदी करने वाले 02 कबाड़ियों को पकड़कर रेल सम्पत्ति की चोरी में अंकुश लगया गया, समय-समय पर जिला मुख्यालय और तहसील थानों में सक्रिय बाइक चोर गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी और चोरी बाइक बरामद करने में सफल रही है।

गुम नाबालिगों की खोज के लिए चलाये जा रहे "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत पुलिस ने अभियान चलाकर विभिन्न थानाक्षेत्र से इस साल गुम हुये 156 नाबालिगों में से 146 नाबालिगों को ढूंढ निकाला है, जिसमें 17 नाबालिगों को पुलिस टीम ने-हरियाण, जम्मू, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, आन्ध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिसा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडू और मध्य प्रदेश से सकुशल वापस रायगढ़ लायी, गुम बच्चों की दस्तयाबी 93% रही। इसी प्रकार वर्ष 2024 में दर्ज- 863 गुम इंसान (नाबालिग समेत, महिला/पुरूष) की जांच में पुलिस ने विभिन्न थानाक्षेत्र से खोज कर 603 गुम इंसान को अपनों से मिलाया गया।

महिला संबंधी अपराधों के समयसीमा में निराकरण के निर्देश हैं, इन अपराधों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। जिले के विभिन्न थानों में वर्ष 2024 में दुष्कर्म के 157 प्रकरण दर्ज किये गये हैं, इनमें कई प्रकरणों में रिकार्ड समय में 179 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। चालान पेश किये जा चुके प्रकरणों में पीड़िता को क्षतिपूर्ति राशि दिलाने जाने की कार्यवाही भी की गई है।

**गांजा तस्करी पर अंकुश लगाने एंड टू एंड कार्यवाही-**

पुलिस महानिदेशक महोदय के दिशा निर्देशन पर गांजा तस्करी पर प्रभावी कार्यवाही के लिए "एंड टू एंड" कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। वर्ष 2024 में जिले में साल भर 31 मामलों में 275 किलो अवैध गांजा की जप्ती की गई थी। इसी प्रकार पिछले साल 06 एनडीपीएस के मामलों में नशीली दवाओं पर कार्यवाही कर 345 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन, 70 सिरप और 1441 नग कैप्सूल को जप्त किया गया था। इन मामलों में 59 आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा गया है। विदित हो कि रायगढ़ पुलिस ने स्थानीय डीलर, उड़ीसा के सप्लायरों के 'फॉरवर्ड लिंक' एवं 'बैकवार्ड लिंक' पर कार्रवाई की गई, जिससे गांजा तस्करों में हडकंप मचा है, गांजा तस्करी की घटनाएं और बिक्री में कमी आई है।

**अवैध शराब के विरूद्ध वृहद अभियान, जुआ और ऑनलाइन सट्टा पर कार्रवाई-**

पुलिस ने अवैध शराब पर वृहद रूप से जन जागरूकता चलाया गया, प्रत्येक गांव में "पुलिस जन चौपाल""चलित थाना" जैसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिला समूहों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही ग्रामीणों को अवैध शराब की सूचनाओं देने प्रेरित किया जा रहा है। वर्ष 2024 में 1839 व्यक्तियों पर आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई जिसमें 7502 लीटर देश/विदेशी एवं महुआ शराब की जप्ती की गई है। प्रभावी कार्यवाही के लिए शराब तस्करों से जप्त 22 वाहनों का राजसात कराया गया है।

वर्ष 2024 में जुआ/सट्टा में संलिप्त 44,798 व्यक्तियों पर कार्वाई की गई जिनसे रु.18,29,828 जुआ रकम की जप्ती कर कार्वाई की गई। पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा से जुड़े 59 व्यक्तियों पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्वाई की जिनसे रु.14,55,125 नकद रूपए और मोबाइल, लैपटॉप, टीवी आदि गैजेट जप्त किया गया।

**प्रतिबंधक कार्यवाही से अपराध नियंत्रण पर जोर, 18 बदमाशों को जिला बदर करने भेजी गई रिपोर्ट-**

अपराधों में कमी लाने थानों में झगड़ा, मारपीट की प्राप्त होने वाली शिकायतों पर प्रतिबंधक कार्यवाही पर पुलिस विशेष ध्यान दे रही है। साल 2024 में कुल 8006 प्रकरण विभिन्न प्रतिबंधक धारों पर कार्यवाही की गई है। 18 आदतन बदमाशों पर जिला बदर कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन जिलाधीश कार्यालय प्रेषित किया गया है।

**सड़क दुर्घटना में कमी लाने जागरूकता और कार्यवाही जारी-**

जिला पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए जिला प्रशासन, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं परिवहन विभाग के साथ मिलकर ब्लैक स्पॉट व चिन्हित स्थानों पर तमाम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही जन जागरूकता एवं मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही भी समानांतर रूप से जारी है। वर्ष 2024 में 20691 वाहनों पर चालानी कर रु.1,46,84,800 जुर्माना किया गया है।

मोटर व्हीकल एक्ट पर लगातार कार्रवाई से सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि को रोका गया है। वर्ष 2023 में 641 सड़क दुर्घटनाओं में 353 जनहानि हुई और 648 व्यक्ति घायल हुये। वहीं साल 2024 में 644 सड़क दुर्घटनाओं में 359 व्यक्तियों की मौत और 664 व्यक्ति घायल हुये । सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने थानों की पेट्रोलिंग, डॉयल 112 के रिस्पांस टाईम को बेहतर करने समय-समय पर मीटिंग लेकर पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

**साइबर क्राईम पर फोकस, पकड़ में आये इंटर स्टेट गिरो के आरोपी, जन जागरूकता का दिखा असर -**

बढ़ते साइबर अपराधों में कमी लाने की ओर जिला पुलिस का पूरा फोकस रहा, लगातार पुलिस टीमें जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। साइबर सेल की टीम द्वारा साइबर क्राईम से पीड़ित हुये लोगों की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल ठगी रकम को होल्ड कराया जाता है और उन्हें ठगी रकम वापस दिलाने में मदद करती है। साइबर सेल की टीम द्वारा ऑनलाइन पोर्टल और थानों/साइबर सेल को प्राप्त विभिन्न शिकायत पत्रों पर कार्यवाही करते हुए 66.43 लाख रूपए ठगों तक जाने से रोक कर बैंक में होल्ड कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर ऑनलाइन फ्रॉड के दर्ज मामलों में साइबर सेल और थानों की टीम शातिर ठगों को टेक्निकल एनालिसस कर डिटेक्ट किया जिसमें इलेक्ट्रिक बाइक का फेक विज्ञापन सोशल मीडिया पर जारी कर व्यपारी से ठगी करने वाले 14 आरोपियों को बिहार से पकड़ा गया, शहर में चोरी छिपे लोटस सट्टा ऐप से जुड़े 02 आरोपी और दो बैंककर्मी की गिरफ्तारी की गई। ट्रेडिंग ऐप से निवेश और ऑनलाइन प्लाट लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 05 आरोपियों की पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड में दबिश देकर गिरफ्तारी की गई।

पुलिस अधीक्षक ने नवाचार का प्रयोग कर माह जुलाई 2024 से #Cyber_subah नाम से साइबर जागरूकता प्रारंभ किया गया है, जिसमें प्रतिदिन करीब 50,000 से अधिक नागरिकों तक ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के संदेश प्रेषित किया जा रहा है, जो वर्तमान अनवरत जारी है। माह सितंबर 2024 में वृहद रूप से साइबर जागरूकता माह मनाया गया जिसमें करीब 1.25 लाख लोगों को पुलिसकर्मी प्रत्यक्ष रूप से साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूकता किया गया और उन्हें अपने आसपास साइबर जागरूकता लाने प्रेरित किया गया जिसके परिणाम स्वरूप कोई बड़ी ऑनलाइन फ्रॉड की घटना सामने नहीं आयी है।

**जिला पुलिस की सामाजिक सहभागिता**

बीते वर्ष कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने के साथ जिला पुलिस की सामाजिक सहभागिता रही है-

(1) मातृ छाया उपवन- पर्यावरण को संतुलित बनाये वृक्षारोपण किया जाना बेहद जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने जिला पुलिस द्वारा थाना पूंजीपथरा में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृहद रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री राज्यसभा सांसद सांसद समेत, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारियों व स्कूली बच्चों ने मातृ छाया उपवन हेतु 800 से अधिक पौधे रोपे। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर थाना, चौकी व रक्षित केन्द्र में उपलब्ध खाली स्थनों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है, साथ ही हर नागरिक को एक पौधा अपनी मां के नाम पर लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

(2) नि:शुल्क हेल्मेट वितरण- जिले में दुपहिया वाहन चालकों को हेल्मेट की अनिवार्यत: के प्रति प्रोत्साहित करने मोटर व्हीकल एक्ट की कार्वाई कर नि:शुल्क हेल्मेट का वितरण किया जा रहा है। यातायात पुलिस को हेल्मेट उपलब्ध कराने स्थानीय उद्योगों, गैर शासकीय संस्थानों का विशेष योगदान है।

(3) अग्निवीर – शासन की अहम "अग्निवीर" योजना में भाग लेने हेतु इच्छुक नवयुवकों को जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा बेहतर वातावरण में रहने खाने की व्यवस्था कर नि:शुल्क विशेष प्रशिक्षण व कीट प्रदाय किया गया, अधिकारियों ने सतत रूप से नवयुवकों को मार्गदर्शन दिये।

(4) डॉयल 112- इमरजेंसी सेवा "डॉयल 112" में कार्यरत जवानों ने ड्यूटी के प्रति जिम्मेदारी व इंसानियत दिखाई, विदित हो कि डॉयल 112 की टीम ने कापू क्षेत्र में गर्भवती महिला को कंधे पर अस्पताल पहुंचाया, धरमजयगढ़ में करंट से झुलसे युवक के लिए तत्काल उचित ईलाज की व्यवस्था की गई। वर्ष वर्ष 2024 में डॉयल 112 की टीम को 9103 अति महत्वपूर्ण इंवेट मिले जिसमें 70 सड़क दुर्घटना से घायल. 15 गर्भवती महिला, 17 सर्पदंश/एनिमल बाइट, 06 जहर सेवन, 05 सुसाइड अटेम्प्ट और 14 अलग अलग इंवेट पर आहतों को तत्काल मदद पहुंचाई गई।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के कुशल नेतृत्व में जिले की पुलिसिंग को और मजबूत किया गया है। उन्होंने लॉ-इन-ऑर्डर और अपराधों के इन्वेस्टिगेशन को अलग-अलग कर अपराध के शिकार हुये लोगों को त्वरित रूप से न्याय दिलाने को अपनी प्राथमिकता में रखा और पीड़ित की शिकायत या रिपोर्ट पर तत्काल विधि सम्मत कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने अधिकारी व जवानों को अनुशासित रहकर जिले की पुलिसिंग को और बेहतर बनाने की दिशा में नई कार्ययोजना और उर्जा के साथ कार्य करने निर्देशित किया गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सैनिक स्कूल अंबिकापुर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 तक

**रायगढ़।** सत्र 2025-26 में सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा 6 वीं एवं 9वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन एनटीए की वेबसाईट https://exams.nta.ac.in/AISSEE// पर 13 जनवरी 2025 को शाम 5 बजे तक भरे जाएंगे। परीक्षा की तिथि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के अधिकारिक वेबसाईट पर बाद में घोषणा की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु बालक एवं बालिका की आयु 31 मार्च 2025 की स्थिति में 10 से 12 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु छात्र-छात्राओं की आयु 31 मार्च 2025 की स्थिति में 13 से 15 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कक्षा 9वीं में छात्राओं को प्रवेश सीट उपलब्धता के अनुसार दिया जाएगा। सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, रक्षा/भूतपूर्व सर्विसमेन से संबंधित आवेदकों को 800 रुपये एवं अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के आवेदकों को 650 रुपये आवेदन शुल्क ऑनलाइन देय होगा।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 4 जनवरी को

**रायगढ़।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला-रायगढ़ द्वारा नेहरू युवा केन्द्र, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के सहयोग से जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2024-25 का आयोजन 4 जनवरी 2025 को सुबह 9:30 बजे से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम एवं नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट रायगढ़ में किया जाएगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव में विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव के विजेता प्रतिभागी भाग लें सकेंगे। युवा उत्सव वर्ग 2024-25 में सम्मिलित प्रतिभागियों की आयुवर्ग 15 से 29 वर्ष निर्धारित है जिसमें विद्यार्थी एवं गैर विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। रॉकबैंड विधा के प्रतिभागी सीधे जिला स्तरीय युवा उत्सव में सम्मिलित हो सकेंगे, रॉकबैंड के दल में प्रतिभागियों की संख्या अधिकतम 10 होगी। जिला स्तरीय युवा उत्सव में जिन विधाओं को शामिल किया गया है इनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य एवं व्यक्तिगत लोक गीत को शामिल किया गया है। इसी तरह लाईफ स्किल के तहत कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला / तात्कालिक भाषण एवं कविता, थेमेटिक के तहत विज्ञान मेला, युवा कृति के तहत हस्तशिल्प, टेक्सटाईल एवं कृषि उत्पाद तथा अन्य विधा में रॉकबैंड (केवल जिला एवं राज्य स्तर पर) शामिल किया गया है।

## पिता की हत्या के आरोप में बेटा गिरफ्तार, विवाद के बाद ईंट से वार कर की थी हत्या, लैलूंगा के ग्राम सोनाजोरी की घटना

**रायगढ़**




जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम सोनाजोरी में हत्या की घटना सामने आई है, जहां पिता-पुत्र के विवाद ने हत्या का रूप ले लिया। ग्राम सोनाजोरी में 34 वर्षीय दिलेश्वर नागवंशी ने अपने पिता रतिराम नागवंशी की ईंट से सिर पर वार कर हत्या कर दी।

थाना प्रभारी लैलूंगा, निरीक्षक राजेश जांगड़े को 1 जनवरी 2025 को ग्राम सोनाजोरी से एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर गांव के निवासी धोबाराम राउत ने पुलिस को बताया कि 31 दिसंबर की शाम दिलेश्वर नागवंशी ने उसे सूचित किया कि उसका पिता रतिराम नागवंशी घर के बरामदे में घायल पड़ा है।

धोबाराम ने पड़ोसियों को सूचना दी और मौके पर पहुंचकर देखा कि रतिराम नागवंशी के सिर, माथे, आंख, और कनपटी पर गंभीर चोटें थीं। पूछताछ करने पर दिलेश्वर नागवंशी ने कबूल किया कि उसने अपने पिता की हत्या की है।

आरोपी दिलेश्वर नागवंशी ने बताया कि 27 दिसंबर को वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ससुराल गया था और उन्हें साली के घर छोड़ आया था। 31 दिसंबर की दोपहर रतिराम नागवंशी ने बच्चों को वापस लाने को लेकर झगड़ा किया। विवाद के दौरान गुस्से में आकर दिलेश्वर ने ईंट से अपने पिता के सिर और चेहरे पर वार कर हत्या कर दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का निरीक्षण किया और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोपी से सख्त पूछताछ के बाद हत्या में प्रयुक्त लाल रंग की ईंट को बरामद किया गया। आरोपी दिलेश्वर नागवंशी को हत्या का अपराध क्रमांक 02/2025 धारा 103(1) BNS के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जांगड़े, उप निरीक्षक मानकुंवर सिदार, सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक सुमेश गोस्वामी और आरक्षक मन्नु खड़िया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## कोरियर कर्मियों के विवाद में युवक पर जानलेवा हमला, हत्या के प्रयास में दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**



सोनिया नगर कोतरारोड़ में एक किराए के मकान में रहने वाले कोरियर डिलीवरी ब्वायों के बीच विवाद जानलेवा संघर्ष में बदल गया। घटना में गंभीर रूप से घायल कुणाल छड़ीमली को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, पुलिस ने हत्या के प्रयास के अपराध में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना के संबंध में आज स्काईकिंग कोरियर के संचालक दिलीप कुमार अग्रवाल ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके किराए के मकान में रह रहे कोरियर डिलीवरी ब्वाय सचिन प्रधान और सुशील भोई, दोनों निवासी मुरलीपाली, ओडिशा, ने अपने साथी कुणाल छड़ीमली पर हमला किया।

01 जनवरी की रात करीब 11:40 बजे सचिन प्रधान ने दिलीप अग्रवाल को फोन पर झगड़े की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे दिलीप ने कुणाल को कमरे के अंदर बेहोश और लहूलुहान अवस्था में पाया। सिर पर गंभीर चोटें थीं। घायल को तुरंत जिला अस्पताल रायगढ़ ले जाया गया।

पूछताछ में पता चला कि तीनों युवक 01 जनवरी की रात किराए मकान में मटन पकाकर खाए और शराब पीये थे। इसी दौरान कुणाल ने मोबाइल पर मित्र से बात कर सुशील भोई के सिर को पलंग से ठोंक दिया, जिससे झगड़ा शुरू हो गया। गुस्से में आकर सचिन और सुशील ने कमरे में रखे चाकू और सर्जिकल ब्लेड से कुणाल के सिर पर हमला कर दिया।

थाना कोतवाली में घटना को लेकर अपराध क्रमांक 02/2025 धारा 109, 3(5) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल, उप निरीक्षक ऐनु देवांगन और टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। दोनों आरोपियों को हत्या के प्रयास के आरोप में आरोपी सचिन प्रधान पिता पाण्डव प्रधान 27 साल एवं सुशील भोई पिता ललित भोई 26 साल दोनों निवासी मुरलीपाली ओडिसा गिरफ्तार कर आरोपियों से घटना में प्रयुक्त चाकू व अन्य सामाग्री जप्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस घटना की विस्तृत जांच कर रही है।

## तीन नकली पुलिस कर्मी वसूली करते गिरफ्तार

**रायपुर । आरएनएस**




रायपुर पुलिस ने एक फिल्मी कहानी जैसी घटना को सच्चाई में बदलते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो पुलिस की वर्दी पहनकर अवैध वसूली कर रहे थे. इन आरोपियों ने रेत से लदी हाईवा को रोककर खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए वाहन के कागजात की मांग की. जब वाहन चालक ने कागजात देने से मना किया, तो उन्होंने गाड़ी को थाने में बंद करने की धमकी दी और एक-एक हजार रुपये की वसूली की. यह पूरा मामला आरंग थाना क्षेत्र का है.जानकारी के अनुसार, प्रार्थी रमेश साहू और अपने साथी रविशंकर रजक के साथ 29 दिसंबर को रेत लेकर मोहकम रेत घाट से लौट रहा था. रात करीब 2 बजे, चरण ढाबा समोदा के पास एक स्कॉर्पियो वाहन में सायरन और बत्ती लगी थी, जिसमें तीन व्यक्ति सवार थे. उन्होंने हाईवा को रोककर पुलिस होने का दावा किया और वाहन के कागजात और रायल्टी मांगी. कागजात नहीं देने पर उन्होंने गाड़ी को थाने में बंद करने की धमकी दी और एक-एक हजार रुपये की मांग की.प्रार्थी ने उनसे नाम पूछा तो खुद को पुलिस बताने वालों ने अपना नाम प्रवीण चन्द्राकर, भागवत वैष्णव और निखिल कुमार बाघमारे बताया. मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनसे पूछताछ की, तो उन्होंने अपराध करना स्वीकार किया. पुलिस ने आरोपियों के पास से पीएसओ द्वारा पहनी जाने वाली नीली सफारी वर्दी और स्कॉर्पियो सीजी 04 एन 7043, जिसमें सायरन एवं बत्ती लगी हुई थी, एक-एक हजार रुपये और जब्त पत्रक जब्त कर लिया. इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है.गिरफ्तार आरोपियों के नाम :

प्रवीण चन्द्राकर (24 वर्ष), निवासी जामगांव आर, थाना जामगांव, जिला दुर्ग

भागवत वैष्णव (35 वर्ष), निवासी छिलपावन झलप, थाना पटेवा, जिला महासमुंद

निखिल कुमार बाघमारे (23 वर्ष), निवासी दुरीडीह, थाना पटेवा, जिला महासमुंद

## केलो नहरों का काम देखने पहुंचे कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

- अधिकारियों से कहा-तय शेड्यूल में होने चाहिए काम

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल केलो नहर निर्माण कार्यो का जायजा लेने पुसौर ब्लॉक पहुंचे। यहां उन्होंने तरडा में हेड रेगुलेटर और सुकुलभठली में बन रहे क्रॉस ड्रेनेज का काम देखा। निर्माण कार्यों की धीमी गति पर उन्होंने जल संसाधन विभाग के एसडीओ व सब इंजीनियर पर गहरी नाराजगी जतायी। कलेक्टर गोयल ने कहा कि केलो नहरों का काम सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। इसके लिए प्रति सप्ताह किए जाने वाले कार्यों का शेड्यूल बनाया गया है। अधिकारी सुनिश्चित करें कि हर हफ्ते लक्ष्य के अनुसार काम पूरा होता जाए।

कलेक्टर गोयल ने सुकुलभठली में क्रॉस ड्रेनेज के लिए बनाए जा रहे संरचना के बेस निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यहां क्रॉस ड्रेनेज से जोड़कर नहर लाईन तैयार की जा रही है। कलेक्टर गोयल ने कहा कि दोनों कार्य एक साथ चलने चाहिए। उन्होंने पुसौर तहसीलदार व नायब तहसीलदार को काम की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम को तेजी से पूरा करवायें। किसी भी प्रकार की दिक्कत आने पर एसडीएम के सहयोग से निराकरण करवायें। इसी प्रकार उन्होंने तरडा में हेड रेगुलेटर के काम का भी जायजा लिया। यहां कोड़पाली मायनर से सब मायनर में पानी पहुंचाने के लिए रेगुलेटर तैयार किया जा रहा है। कलेक्टर गोयल ने कहा कि हर साईट पर तेजी से काम होना चाहिए, इसके लिए पर्याप्त संख्या में मशीनें व मैन पॉवर लगाने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों व ठेकेदार को दिए। इस दौरान एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, ईई केलो मनीष गुप्ता, तहसीलदार पुसौर नेहा उपाध्याय, नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा सहित जल संसाधन केलो संभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।





स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480